# हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल

पत्रांकः हे0न0ब0ग0वि0वि0 / अभि0सेवा / 2026 / 1415

दिनांकः 17.08.2026

## नोटिस

विश्वविद्यालय आवास आवंटन समिति द्वारा दिनांक 15.04.2026 को विश्वविद्यालय शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को आवास आवंटित किए गए थे। समिति के संज्ञान में आया है कि कुछ आवंटियों द्वारा अभी तक उन्हें आवंटित आवास का अधिग्रहण नहीं किया गया है।

इस क्रम में सभी संबंधित आवंटियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे इस नोटिस जारी होने की तिथि से 07 दिवस (दिनांक 24.08.2026 तक) के भीतर अपने आवंटित आवास का अधिग्रहण करते हुए आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि के अन्तर्गत आवास अधिग्रहण न किये जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित आवंटी को उक्त आवास की आवश्यकता नहीं है और इस स्थिति में आवास आवंटन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

अतः सभी संबंधित आवंटियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समयावधि (एक सप्ताह) के अन्तर्गत उन्हें आवंटित आवासों के अधिग्रहण की कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(कुलसचिव)

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रभारी सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि उक्त नोटिस को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी अधिशासी अभियंता / सम्पदा अधिकारी, हे0न0ब0ग0वि0वि0।
3. अध्यक्ष, भवन आवंटन समिति, हे0न0ब0ग0वि0वि0।
4. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
5. विश्वविद्यालय सूचना पट।
6. कार्यालय प्रति।

(कुलसचिव)